# अभियंता प्रमुख का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग
### सकारण आदेश

संवेदक **Vaibhav Kumar**, (Regd No- **4190337**), **At-Vill-Adawari, P.O-Keshav Nagar, Ward No-11, P.S- Chautham, Nirpur, Dist- Khagaria, Bihar Pin-8512011** को कार्य प्रमंडल, **गोगरी** के अधीन **योजनाशीर्ष MMGSY (SC)** अन्तर्गत आवंटित **खरैता से खरैता बजरंगबली स्थान तक** पथ का निर्माण कार्य आवंटित था। जिसके एकरारनामा संख्या–37SBD/2020-21 के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि–19.09.2020 एवं कार्य पूर्णता की तिथि–18.06.2021 है।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। उक्त पथ में निर्माण का कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी का पत्रांक–1475 दिनांक–26.08.2023 एवं 1816 दिनांक–20.10.2023 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया परन्तु संवेदक द्वारा आवंटित पथ का निर्माण कार्य पूर्ण करने में अभिरूचि नहीं ली गई।

मुख्य अभियंता–2 सम्प्रति मुख्य अभियंता–4, पूर्णियॉ, ग्रामीण कार्य विभाग का पंत्राक--3910 अनु0 दिनांक–23.11.2023, तकनीकी सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, सहरसा के पत्रांक–992 अनु0 दिनांक–14.11.2023 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गोगरी के पत्रांक–1954 अनु0 दिनांक–07.11.2023 द्वारा निर्माण कार्य एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक अनुरक्षण कार्य को अपूर्ण/लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया। उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक–6546 दिनांक–27.12.2023 द्वारा 15(पन्द्रह) दिनों के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–3736 दिनांक–17.12.2024 द्वारा संवेदक को स्मारित किया गया, फिर भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण का जबाव अप्राप्त रहने के कारण पुनः संवेदक को अंतिम रूप से विभागीय पत्रांक–259 दिनांक–17.01.2025 द्वारा स्मारित किये जाने के पश्चात भी संवेदक द्वारा अबतक स्पष्टीकरण का जबाव उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

निर्माण कार्य अपूर्ण रहने के कारण आम जनता को योजना का वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा है तथा अकारण निर्माण कार्य लंबित रखने के लिए संवेदक पूर्णतया दोषी है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरांत बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना सं0–8123 दिनांक–19.12.2007 की कंडिका 11 (क) (vi) के आलोक में संवेदक **Vaibhav Kumar, At-Vill-Adawari, P.O-Keshav Nagar, Ward No-11, P.S- Chautham, Nirpur, Dist- Khagaria, Bihar Pin-8512011** के **निबंधन संख्या–4190337** को अगले 03(तीन) वर्षो के लिए Blacklist किया जाता है।

19/02/2025

(भगवत राम)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

(173)

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति (नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–80/2023-780 /पटना, दिनांकः–21/02/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/उर्जा विभाग, बिहार, पटना/कृषि विभाग, बिहार, पटना/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना से सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति (नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–80/2023-780 /पटना, दिनांकः–21/02/25

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–80/2023-780 /पटना, दिनांकः–21/02/25

प्रतिलिपिः– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14/आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांकः–मु0अ0–4(मु0)सम्प्रति(नि0एवं0गु0नि0)कालीसूची–10–80/2023-780 /पटना, दिनांकः–21/02/25

प्रतिलिपिः– संवेदक **Vaibhav Kumar**, (Regd No- **4190337**), **At-Vill-Adawari, P.O-Keshav Nagar, Ward No-11, P.S- Chautham, Nirpur, Dist- Khagaria, Bihar Pin-8512011** को सूचनार्थ प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त
–सह–विशेष सचिव

मृत्युंजय